पूर्व सीएमएस से ठगीकी रकम विदेश तक पहुंचनेके मिले सुराग

निशांत एवं राजनकी तलाश तेज, फरार आरोपितोंकी गिरफ्तारीसे खुलेंगे कई राज

बेली अस्पताल की पूर्व सीएमएस को डिजिटल अरेस्ट कर १.७८ करोड़ रुपये की ठगी के मामले में साइबर पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, गिरोह का नेटवर्क और बड़ा होता जा रहा है। सूत्रों की माने तो जांच में ठगी की रकम को विदेश तक ट्रांसफर किए जाने के सुराग मिले हैं। इसके अलावा ठगी की रकम को एक-दो नहीं, बल्कि ३० से अधिक बैंक खातों में भेजा गया। पुलिस अब इन खातों के जरिए रकम के पूरे रूट को खंगाल रही है।

मामले में लखीमपुर खीरी निवासी निशांत त्रिवेदी और पीलीभीत के दुधिया खुर्द बंजरिया निवासी राजन शुक्ला को पुलिस ने वांछित किया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए साइबर पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। पुलिस का मानना है कि आयुष अवस्थी की गिरफ्तारी के बाद सामने आए तथ्यों की कड़ियां निशांत और राजन तक पहुंच रही हैं। दोनों की गिरफ्तारी होने पर ठगी के नेटवर्क, रकम के लेनदेन और विदेश तक पहुंची रकम के बारे में कई अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं। साइबर पुलिस की जांच में पता चला कि ठगी की गई रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इनमें कुछ खाते सीधे आरोपियों या उनसे जुड़े लोगों के बताए जा रहे हैं, जबकि कई अन्य खातों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि किस खाते में कितनी रकम पहुंची और वहां से रकम किन खातों में भेजी गई। साइबर पुलिस ने इस मामले में लखीमपुर खीरी से आयुष अवस्थी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और बैंक खातों की जांच में सामने आया कि उसकी मैनपावर सप्लाई कंपनी के करंट खाते में भी ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। इसके बाद पुलिस ने खाते के पुराने और नए लेनदेन की पड़ताल शुरू की। एक खाते से दूसरे खाते में रकम भेजे जाने के बाद पुलिस को कई और बैंक खातों की जानकारी मिली। अब इन सभी खातों के खाताधारकों की भूमिका की जांच की जा रही है। आयुष से पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर साइबर पुलिस ने निशांत और राजन की तलाश तेज कर दी है। लखीमपुर खीरी, पीलीभीत समेत कई स्थानों पर दोनों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस के मुताबिक दोनों की गिरफ्तारी के बाद गिरोह में शामिल अन्य लोगों, रकम ट्रांसफर करने वाले खातों और डिजिटल करेंसी के इस्तेमाल से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

सपा का 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च आज

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतिम दिन आठ अक्तूबर को समाजवादी पार्टी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च निकालेगी। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार जार्जटाउन स्थित पार्टी कार्यालय से दोपहर १२ बजे पूरे जिले से आये पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं, समर्थकों द्वारा पैदल मार्च निकाला जायेगा। हाथ में विभिन्न नारों से लिखी तख्तीयां और बैनर लिए सपा के लोग बालसन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर इकठ्ठा होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तिफे और देश के हर बालिग को मतदान का अधिकार दिए जाने, गलत तरीके से मतदाता सूची में काटे गए नामों को जोड़ने, चुनाव आयोग को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाये जाने आदि की मांग करेंगे। पैदल मार्च की समाप्ति स्थान पर संविधान के अनुच्छेद ३२६ का पाठ एवं राष्ट्रगान भी होगा।

संगम तटपर पूर्वजोंका श्राद्ध एवं तर्पण



पितृपक्ष में द्वादशी तिथि (जिसे 'बरस श्राद्ध' भी कहते हैं) पर बुधवार को उन पूर्वजों के श्राद्ध संगम तट पर किया गया, जिनका देहावसान द्वादशी तिथि को हुआ है। खास ऐसे परिवार के उन पूर्वजों या संन्यासियों के श्राद्ध किया, जिन्होंने मृत्यु से पहले संन्यास ले लिया था। वैष्णव परंपरा के अनुसार एकादशी तिथि को श्राद्ध नहीं किया जाता, इसलिए एकादशी को जिनकी मृत्यु हुई हो उनका श्राद्ध भी द्वादशी को किया गया। श्रद्धालुओं ने कुतुप, रोहिण या अपराह्न काल में पितरों का ध्यान कर विधि-विधान से पिंडदान और तर्पण कर ब्राह्मणों, जरूरतमंदों, बहन-बेटियों और भांजों को भोजन कराया। साथ ही गाय, कौवे और कुत्ते को भोजन का हिस्सा निकालने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। डा.पवन शुक्ला के अनुसार आठ अक्तूबर त्रयोदशी श्राद्ध, नौ को चतुर्दशी श्राद्ध और दस को पितृ विसर्जन होगा।

विन्ध्याचल स्टेशनपर यात्रियोंके लिए विशेष इंतजाम

विंध्याचल में आगामी ११ अक्तूबर से २६ अक्तूबर तक आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्र मेला को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गयी हैं। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना को देखते हुए टिकट, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा, खानपान एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को बढ़ाया गया है। यात्रियों को सुगमता से टिकट उपलब्ध कराने के लिए विंध्याचल स्टेशन पर तीन अनारक्षित टिकट काउण्टर एवं एक पूछताछ केंद्र संचालित किया जाएगा। आरक्षित टिकट काउण्टर को दो शिफ्ट में चलाया जाएगा। टिकट काउण्टरों पर कार्य के लिए आठ अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गयी है। यात्रियों की सहायता एवं टिकट जांच के लिए २० अतिरिक्त चेकिंग स्टाफ की तैनाती की जायेगी।

ज्ञानेश कुमारके इस्तीफेकी मांगको लेकर आज निकलेगा मशाल जुलूस

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इण्डी गठबन्धनकी ओरसे गुरुवार को सायंकाल ५.३० बजे से पत्थर गिरजा धरना स्थल से सुभाष चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला जायेगा, जिसमें कांग्रेसके राष्ट्रीय प्रभारी सचिव वरुण चौधरी शिरकत करेंगे।

यह जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने चौक स्थित पार्टी कार्यालय के सभागार में इण्डी गठबंधन की प्रेस कान्फ्रेन्स में दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की आंतरिक कार्य प्रणाली को लेकर हुए खुलासे ने तीनों चुनाव आयुक्त के बीच की गैर बराबरी और लोकतांत्रिक कामकाज को उजागर किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर इण्डी गठबंधन द्वारा देश व्यापी प्रदर्शन करके ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ की मांग की जा रही है। शहर अध्यक्ष ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्र मोना आगामी १२ अक्तूबर को लखनऊ में कार्यभार ग्रहण करेंगी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रयागराज से एक हजार से अधिक कांग्रेसी लखनऊ जायेंगे। प्रेस कांफ्रेंसमें हरिकेश त्रिपाठी, फरहान अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

नगर आयुक्तको हटानेकी मांगको लेकर सौंपा ज्ञापन

व्यापारी एकता समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने सुभाष चौराहा सिविल लाइन में उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम के नगर आयुक्त को तत्काल हटाने की माँग की। ज्ञापन में कहा कि नगर आयुक्त फुटपाथ व्यापारियों का लगातार उत्पीड़न करते हुए उनकी दुकानों पर तोड़फोड़ करा रहे हैं। जबकि उन्हें वेंडर जोन बनाकर पहले उन्हे बसाने की व्यवस्था करनी चाहिए। रातों रात नाइट मार्केट बन जाती है। २८ वेडिंग जोन की फाइल धूल खा रही है। उसमें कोई काम नहीं हो रहा नगर निगम में पूंजी पतियों की ज्यादा सुनवाई हो रही है। गरीबों का कोई सुनने वाला नहीं है। इस मौके पर विकास अग्रहरि जिला अध्यक्ष फुटपाथ व्यापारी एकता समिति ने कहा कि प्रयागराज में गरीब विरोधी, गरीबों का उत्पीड़न करने वाले नगर आयुक्त की कोई आवश्यकता नहीं है, नगर आयुक्त के कार्य योगी सरकार को बदनाम करने वाले हैं। ज्ञापन देने के दौरान कमलेश कुमार, सूरज गुप्ता, विवेक सिंह, शांतनु कुमार, मोनू यादव, अवधेश श्रीवास्तव, उमेश यादव, आकाश, तेज पांडे, अमरनाथ. नन्हे चौरसिया, शांतनु, निर्मला देवी, गुड्डू, अंकित आदि शामिल रहे।

रेलवे स्टेशन परिसरोंमें ४,०५६ जल नमूनोंका किया गया परीक्षण

यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रयागराज मंडल द्वारा जल गुणवत्ता की नियमित जांच एवं सतत निगरानी की जा रही है। मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं परिसरों में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार जल की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में बीते २६ अगस्तसे छह अक्तूबरके बीच प्रयागराज मंडल में कुल ४,०५६ जल नमूनों की जांच की गयी। इनमें ३,७३१ अवशिष्ट क्लोरीन, ३१७ बैक्टीरियोलाजिकल तथा आठ केमिकल एनालिसिस के नमूने शामिल हैं। मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल ने कहा कि यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना मंडल की प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक है। पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच एवं सतत निगरानी की प्रभावी व्यवस्था की गयी है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

प्रशिक्षित युवाओंके रोजगारका बेहतर विकल्प है मशरूम उत्पादन-डा. वीरेंद्र

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत बुधवार को मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत खुसरोबाग में उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डा. वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन से जुड़े विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षु युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं के लिए मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण स्वरोजगार और रोजगार का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा बड़ी मशरूम इकाई की स्थापना के लिए लगभग ३० लाख रुपये की परियोजना लागत पर ४० प्रतिशत तक, यानी करीब १२ लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि इच्छुक युवा कंपोस्ट इकाई, स्पान इकाई तथा मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए परियोजना तैयार कर विभाग से नियमानुसार अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

संगम क्षेत्रमें गन्दगी की भरमार, प्रशासन सफाईमें जुटा



गंगा और यमुना नदी का जलस्तर घटने के साथ ही संगम क्षेत्र, रामघाट, दशाश्वमेध घाट एवं नदियों के आसपास गन्दगी की भरमार देखने को मिल रही है। स्नान घाटों के आसपास कीचड़ और दलदली मिट्टी के कारण श्रद्धालुओं को स्नान-दान, पूजन-अर्चन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नदियों का जलस्तर घटने के साथ ही सड़कों एवं घाट के आसपास भारी मात्रा में आयी मिट्टी और कीचड़ को साफ करने की कवायद में प्रशासन जुटा हुआ है।

संगम क्षेत्र में यमुना पट्टी पर स्नान सम्भव नहीं है। यहां पर दलदली मिट्टी अधिक है इस कारण प्रशासन ने गंगा पट्टी पर स्नान की व्यवस्था करायी है। नदियों का पानी कम होने के साथ ही नदी में बहकर आयी गन्दगी और पूजा में इस्तेमाल किये जाने वाले फूल-माला, अगरबत्ती, दीया आदि किनारे पर नजर आ रही है। इसी गन्दगी के बीच लोग पवित्र संगम के जल में डुबकी लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कीचड़ से होकर ही लोग गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के जल में जाकर डुबकी लगा रहे हैं और वापस गन्दगी से होकर ही उनको लौटना पड़ रहा है। घाटों के आसपास दलदली मिट्टी की अधिकता होने के कारण सफाई के काम में भी बाधा पहुंच रही है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के तहसीलदार संगम क्षेत्र में तीर्थ पुरोहितों को व्यवस्थित करने के लिए संगम तट और अक्षयवट मार्ग पर जमीन काट दी गयी है।

जैसे-जैसे नदियों का पानी कम हो रहा है सफाई का काम कराया जा रहा है। श्रद्धालु दलदल में न फंसे इसलिए अक्षयवट मार्ग के उत्तरी पटरी पर बैरीकेडिंग करा दिया गया है। संगम क्षेत्र में गंगा पट्टी पर स्नान की व्यवस्था की गयी है।

आयुष्मान कार्ड बनानेके लिए लगेगा विशेष शिविर

उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल में कार्यरत संविदा कर्मियों एवं उनके सम्बन्धित स्टाफ के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किये जा रहे इन विशेष शिविरों में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। प्रयागराज मण्डल में विशेष शिविरों का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। १२ अक्तूबरको दीन दयाल उपाध्याय रनिंग रूम में विशेष शिविर लगेगा। इसी क्रम में १३ अक्तूबर-मिर्जापुर स्टेशन, १४ अक्तूबर-प्रयागराज मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय, २७ अक्तूबर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, प्रयागराज, २८ अक्तूबर को आरएसओ लाबी, कानपुर, २९ अक्तूबर विद्युत लोको शेड, कानपुर, ३० अक्तूबर आरएसओ लाबी जीएमसी, कानपुर, तीन नवम्बर एनसीआर कालेज, टूंडला, चार नवम्बर एडीईएन कार्यालय, अलीगढ़, पांच नवम्बर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, दादरी में विशेष शिविर लगेगा।

शनिश्चरा स्टेशनपर कई ट्रेनोंको दिया जायेगा अस्थाई ठहराव

रेल प्रशासन द्वारा शनिश्चरा स्टेशन पर आयोजित होने वाले 'शनिचरी अमावस्या मेला' के अवसर पर यात्रियों की सम्भावित अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गयी हैं। नौ से ११ अक्तूबर तक तीन दिनों की अवधि के लिए शनिश्चरा स्टेशन पर कई प्रमुख ट्रेनों को दो-दो मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया गया है। इनमें ट्रेन संख्या ११९०३ (वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-इटावा दैनिक एक्सप्रेस) का शनिश्चरा स्टेशन पर आगमन शाम १९.१६ बजे तथा प्रस्थान १९.१८ बजे होगा, जबकि वापसी में ट्रेन संख्या ११९०४ (इटावा-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी दैनिक एक्सप्रेस) सुबह ०६.५६ बजे आकर ०६.५८ बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार द्वि-साप्ताहिक ट्रेन संख्या ०४१६९ (सूबेदारगंज - इंदौर) दोपहर १३.२३ बजे से १३.२५ बजे तक तथा ट्रेन संख्या ०४१७० (इंदौर - सूबेदारगंज) सुबह ११.२५ बजे से ११.२७ बजे तक ठहरेगी। इसके अलावा साप्ताहिक ट्रेन संख्या ०४११३ (प्रयागराज जंक्शन-श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुब्बल्ली जंक्शन) दोपहर १३.३४ बजे आकर १३.३६ बजे प्रस्थान करेगी।

बच्चोंको स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपनानेके लिए किया प्रेरित

नौवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा बाल वाटिका में स्कूली बच्चों के लिए पोषण जागरूकता एवं ग्रोथ मानीटरिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण समिति, प्रयागराज मण्डल की उपाध्यक्षा श्रीमती गुलशन वारिस एवं सदस्या श्रीमती मानसी जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्रीमती गुलशन वारिस ने बच्चों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा पौष्टिक आहार को बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया।वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ श्रीमती अर्पणा सक्सेना द्वारा बच्चों के लिए पोषण के लिए सरलता से समझाया गया।

उन्होंने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व, स्वस्थ खाद्य पदार्थों के चयन, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा जंक फूड के सेवन को सीमित करने के संबंध में सरल एवं सहज तरीके से जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों की ग्रोथ मानीटरिंग भी की गयी तथा उनके शारीरिक विकास से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी। इस आयोजन में परिवार नियोजन विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक के साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

शोधकी गुणवत्ता, मौलिकता एवं नैतिकतापर ध्यान दें शोधार्थी- प्रो. मनमोहन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में प्री-पीएचडी कोर्स वर्क के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीति आयोग के चेयर प्रोफेसर प्रो. मनमोहन कृष्ण मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष तथा कला संकाय के डीन प्रो. अजय कुमार जेटली विशिष्ट अतिथि रहे।

विभागाध्यक्ष प्रो. सरोज यादव ने अतिथियों और शोधार्थियों का स्वागत किया। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. धनंजय यादव ने अतिथियों का परिचय



कराया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. मनमोहन कृष्ण ने पूर्वकालीन शोध परंपरा और वर्तमान समय में शोध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने शोधार्थियों से शोध की गुणवत्ता और मौलिकता बनाए रखने के साथ बदलते अकादमिक परिवेश के अनुरूप शोध-दृष्टि विकसित करने का आह्वान किया। प्रो. अजय कुमार जेटली ने पीएचडी शोध के दौरान आवश्यक सावधानियों पर चर्चा की। उन्होंने शोध में अनुशासन, शोध नैतिकता, मौलिकता और अकादमिक प्रतिबद्धता को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि शोधार्थियों को अपने शोध कार्य में गुणवत्ता के साथ नैतिक मानकों का भी पूरी तरह पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा शास्त्र विभाग के शोध जर्नल 'रिसर्चेज एंड स्टडीज' के ७७वें अंक का विमोचन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों की ओर से तैयार डिजिटल कैलेंडर का भी उद्घाटन किया गया। दोनों पहलों को विभाग की शोधपरक और नवाचार आधारित अकादमिक गतिविधियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। अंत में प्रो. पतंजलि मिश्रने अतिथियों, शोधार्थियों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

रोडवेजमें संविदा चालकों की भर्ती प्रक्रिया आजसे

परिवहन निगम के जीरो रोड डिपो के प्रयागराज क्षेत्र में अनुबंध के आधार पर संविदा चालकों की भर्ती होगी। भर्ती के लिए रोजगार मेला गुरूवार को लगेगा। यह भर्ती कैंप फूलपुर में आयोजित होगा। इस मेले के माध्यम से चयनित होने वाले चालकों को सिविल लाइंस डिपो में संविदा पर तैनात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विशेष भर्ती कैंपों का आयोजन भी होगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक जयकरन प्रसाद ने बताया कि भर्ती प्रकिया के निर्धारित सेड्यूल के अनुसार १२ अक्टूबर को जारी बस स्टेशन, १३ अक्टूबर को मेजा रोड बस स्टैंड, १४ अक्टूबर को लेप्रोसी अस्थायी बस स्टेशन पर भर्ती शिविर लगेगा।

आंधी-तूफानसे बचावके लिए एडवाइजरी जारी

भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी मौसम पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार प्रयागराज एवं आस-पास के क्षेत्रों में सात से आठ अक्तूबर तक तेज बारिश, तेज हवा, आंधी-तूफान, बिजली गिरने के दृष्टिगत बचाव के लिए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ऐसी स्थितिमें घर के बाहर या छत पर रखी भारी वस्तुओं को बांधकर रखे। टिन की छत, होर्डिंग, क्षतिग्रस्त मकान, पेड़, बिजली के खंभे एवं मोबाइल टावर से दूर रहें। यात्रा कर रहे हैं तो सुरक्षित स्थान देखकर रुक जाएं। धारदार एवं नुकीली वस्तुओं को खुले में न रखें। धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें एवं पेड़ की शरण में न जायें। पक्के मकान की शरण में चले जाएं। खिड़की, दरवाजे एवं बरामदे से दूर रहें। पेड़, मोबाइल टावर, बिजली के खंभों, कच्चे मकान, तालाब, जलाशय से दूरी बना कर रखें। खराव मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। यदि खुले खेतमें फंस गये हैं तो दोनों कानोंको बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकडू बैठ जाएं।

रेलगांव कालोनीको मिला पर्यावरण प्रबन्धन प्रणालीका प्रमाणन

मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक-इन्फ्रा धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं रखरखाव प्रबंधक विक्रम सिंह कोली तथा इएनएचएम विंग द्वारा किये जा रहे निरंतर प्रयासों से महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। रेलगांव कालोनी, सूबेदारगंज को पहली बार तथा प्रयागराज रेलवे स्टेशन को पुनः आईएसओ १४००१:२०१५ पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। रेलगांव कालोनी को स्वच्छ, स्वास्थ्यकर एवं पर्यावरण अनुकूल आवासीय वातावरण बनाए रखने के लिए पहली बार आईएसओ १४००१:२०१५ प्रमाणन प्रदान किया गया है। प्रयागराज रेलवे स्टेशन को आईएसओ १४००१:२०१५ का पुनः प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि स्टेशन पर स्वच्छता, पर्यावरण प्रबंधन एवं यात्री सुविधाओं के मानकों को निरंतर बनाए रखने के प्रयासों को दर्शाती है। पुनः प्रमाणन यह भी प्रमाणित करता है कि स्टेशन पर पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को नियमित रूप से प्रभावी ढंग से लागू एवं बनाये रखा जा रहा है।

दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठपर चलेंगी विशेष गाड़ियां

आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व-२०२६ के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं सम्भावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। विशेष गाड़ी संख्या-०३१०९ कोलकाता-प्रतापनग मंगलवार को १३, २०, २७ अक्तूबर और तीन १०, १७, २४नवम्बर तथा गाड़ी संख्या-०३११० प्रतापनगर-कोलकाता गुरुवार १५, २२, २९ अक्तूबर और पांच १२, १९, २६ नवम्बर को चलेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या-०३००७ हावड़ा-खातीपुरा रविवार ११, १८, २५ अक्तूबर तथा एक, आठ, १५, २२, २९ नवम्बर तथा गाड़ी संख्या-०३००८ खातीपुरा - हावड़ा मंगलवार १३, २०, २७ अक्तूबर तथा तीन, १०, १७, २४नवम्बर और एक दिसम्बर को चलेगी। गाड़ी सं. ०७३१५ हुब्बली-मुजफ्फरपुर मंगलवार १३,२०,२७ अक्तूबर और तीन ,१०,१७,२४ नवम्बर तथा गाड़ी सं. ०७३१६मुजफ्फरपुर - हुब्बली शुक्रवार १६,२३,३०अक्तूबर तथा छह १३,२०,२७ नवम्बर को चलेगी। गाड़ी संख्या-०६५८१ यशवंतपुर - सहरसा रविवार ११, १८, २५ अक्तूबर और एक, आठ, १५, २२, २९तथा गाड़ी संख्या-०६५८२ सहरसा -यशवंतपुर बुधवार १४, २१, २८ अक्तूबर तथा चार, ११, १८, २५ नवम्बर को चलेगी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा व पार्सल निस्तारण हेतु, ०१०५३ और ०१०५४ देवलाली-दानापुर मिश्रित साप्ताहिक विशेष गाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन, वर्तमान में चल रहे समय, मार्ग, गाड़ी संरचना के साथ किया जायेगा। गाड़ी संख्या-०१०५३ देवलाली-दानापुर शनिवार दस अक्तूबर एवं १७ अक्तूबर तथा गाड़ी संख्या-०१०५४ दानापुर-देवलाली सोमवार १२एवं १९ अक्तूबर

'प्रयागफिलेक्स-२०२६' जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी नौ से

डाक विभाग प्रयागराज मंडल, डाक टिकट संग्राहक एसोसिएशनों, और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के सक्रिय सहयोग से प्रयागफिलेक्स-२०२६ (जिला स्तरीय फिलैटेलिक/डाक टिकट प्रदर्शनी) का आयोजन कर रहा है। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी ९ से ११ अक्टूबर तक उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में आयोजित की जाएगी। प्रयागफिलेक्स-२०२६ का विषय 'इंडिया थ्रू स्टैम्प्स - हेरिटेज, कल्चर एंड प्रोग्रेस' (डाक टिकटों के माध्यम से भारत- विरासत, संस्कृति और प्रगति) है। डाक टिकट केवल डाक भेजने के लिए उपयोग किए जाने वाले कागज़ के टुकड़े नहीं हैं, बल्कि वे किसी देश के इतिहास, विरासत, संस्कृति, महान व्यक्तित्वों, उपलब्धियों और महत्वपूर्ण घटनाओं के लघु प्रतिबिंब हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रयागराज के लोगों, विशेषकर युवा छात्रों और युवा पीढ़ी को डाक टिकट संग्रह की इस रोमांचक दुनिया के करीब लाना है। दुर्लभ और रोचक संग्रह: यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी आगंतुकों को दुर्लभ और रोचक डाक टिकटों तथा अन्य फिलैटेलिक सामग्रियों के व्यापक संग्रह को देखने का अवसर प्रदान करेगी। छात्र-केंद्रित गतिविधियाँ: स्कूली छात्रों के लिए १० अक्टूबर २०२६ को एक फिलैटेलिक क्विज़ (डाक टिकट प्रश्नोत्तरी) और फिलैटेलिक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। एक शैक्षिक उपकरण के रूप में फिलैटेली: हमारा उद्देश्य केवल डाक टिकटों को प्रदर्शित करना नहीं है, बल्कि यह दिखाना है कि कैसे डाक टिकट संग्रह एक प्रभावी शैक्षिक उपकरण बन सकता है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४४)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

स्तन कैंसरको लेकर जनजागरूकता रैली १२ को

महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने के लिए कमला नेहरू मेमोरियल हास्पिटल ३१ अक्टूबर तक 'स्तन कैंसर जागरूकता' माह मना रहा है। इस अभियान के तहत १२ अक्टूबर सुबह ७.३० बजे कमला नेहरू हास्पिटल के नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा जागरुकता रैली निकाली जायेगी। १३ को प्रातः ९ से १२ बजे तक अस्पताल परिसर में 'स्तन कैंसर जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी में प्रख्यात विशेषज्ञ, साइकोलाजिस्ट एवं पैरेंटिंग कोच डा. अंकिता राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। पूरे महीने चलने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरुकता करना एवं उन्हें विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह जानकारी कमला नेहरू के डारेक्टर हरि ओम सिंह ने दी।

धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरको सहेजनेके लिए रखी गयी कटरा रामलीला मंचनकी नींव

महर्षि भरद्वाजसे रावणका पारिवारिक संबंध होनेसे कटरा है लंकेशका ननिहाल, नहीं होता दशासनका वध

प्रयागराज की श्री कटरा रामलीला कमेटी संगम नगरी की प्राचीनतम और सबसे विशिष्ट धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं में से एक है। यह रामलीला अपनी ऐतिहासिकता और अनूठी परंपराओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है।

इलाहाबाद(अब प्रयागराज) में रामलीला मंचन की परंपरा सदियों पुरानी मानी जाती है। कटरा क्षेत्र की रामलीला का इतिहास १०० वर्ष से भी अधिक पुराना है। १९वीं सदी के उत्तरार्ध और २०वीं सदी की शुरुआत के दौरान कटरा मोहल्ले के प्रबुद्ध नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने धार्मिक सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए श्री कटरा रामलीला कमेटी का गठन किया और मंचन की नींव रखी। सामान्यतः रामलीलाओं में विजयादशमी पर रावण के पुतले का दहन किया जाता है, लेकिन कटरा रामलीला में रावण का दहन नहीं होता। मान्यता के अनुसार रावण को महर्षि भरद्वाज के परिवार से संबंधित होने से कटरा क्षेत्र को लंकेश को ननिहाल माना जाता है। ननिहाल के नाते अतिथि एवं विद्वान मानकर रावण का सम्मान किया जाता है। यहां रावण का वध नहीं किया जाता। पितृपक्ष एकादशी को रावण की भव्य शोभायात्रा (रावण बारात) निकाली जाती है, जिसमें लंकापति रावण चांदी के सिंहासन पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण करते हैं। बताया जाता है कि अंग्रेजों ने १९वीं सदी में जब हिंदु-मुस्लिम दंगा हुआ था, तब रामलीलाओं पर रोक लगा दी थी। करीब १२ वर्षों तक रामलीला नहीं हुई। जिसके बाद उस समय के कुछ बुद्धजीवियों ने कलेक्टर से मिलकर धार्मिक आयोजन पर पाबंदी हटाने की गुहार लगायी थी। कलेक्ट्रेट ने धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए रामलीला का मंचन पुनः शुरू करने की अनुमति दी थी। उसी समय से दारागंज के बाद कटरा की रामलीला का शुभारंभ हुआ था। कटरा रामलीला में रावण का पात्र निभाने वाले व्यक्ति का चयन विशेष नियमों के तहत किया जाता है। रावण का अभिनय करने वाले कलाकार को सदाचारी, मांस-मदिरा से मुक्त रहने की शपथ लेनी पड़ती है।

विजयादशमी महोत्सव की शुरुआत औपचारिक रूप से भगवान श्री राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और लंकापति रावण के मुकुटों के विधि-विधान से पूजन के साथ होती है। कटरा रामलीला इंडियन प्रेस चौराहा स्थित राम वाटिका प्रांगण में रामकथा के साथ-साथ लोक नृत्यों, अखाड़ों और आधुनिक प्रकाश-ध्वनि तकनीकों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, प्रजापति ब्रह्मा के मानस पुत्र महर्षि पुलस्त्य के पुत्र महर्षि विश्रवा थे। विश्रवा का विवाह महर्षि भरद्वाज की पुत्री इड़विड़ा से हुआ, जिनसे कुबेर का जन्म हुआ। विश्रवा का दूसरा विवाह कैकसी से हुआ, जिनसे रावण, कुंभकर्ण और विभीषण का जन्म हुआ। इस प्रकार महर्षि भरद्वाज से रावण का पारिवारिक संबंध जुड़ता है। त्रेतायुग में महर्षि भरद्वाज का गुरुकुल आश्रम प्रयागराज के जिस क्षेत्र में स्थित था, वर्तमान में उसकी पहचान कटरा मोहल्ले के रूप में की जाती है। इस नाते कटरा को रावण का ननिहाल और उन्हें क्षेत्र का 'भांजा' मानकर सम्मान दिया जाता है।

ननिहालमें आदर एवं सम्मानके साथ पूजे जाते हैं लंकेश

जहाँ देशभर में विजयादशमी के अवसर पर रावण को केवल अधर्म का प्रतीक मानकर उसके पुतले का दहन किया जाता है, वहीं कटरा रामलीला कमेटी रावण के प्रकांड ज्ञान, शास्त्र-विद्वता और ऋषि पुत्र होने के नाते उन्हें ननिहाल के आदर और सम्मान के साथ पूजती है। श्री कटरा रामलीला कमेटी दशहरे के दिन रावण का पुतला दहन नहीं करती है और मंचन में उनके ज्ञान एवं पराक्रम वाले पक्ष को प्रमुखता दी जाती है।

इंडिया क्विज प्रतियोगितामें आकाश-फरहानने मारी बाजी



इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में बुधवार को आजाद रीड्स की ओर से 'इंडिया क्विज' का आयोजन किया गया। भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व पर आधारित प्रतियोगिता में २०० से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

क्विज में भारतीय इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, पुरातात्विक स्थलों और परंपराओं से जुड़े सवाल पूछे गए। अक्षत सिंह ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों के बीच पूरे आयोजन के दौरान जवाब देने को लेकर उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रही।

आकाश कुमार और फरहान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विक्रम पाटकर दूसरे, जबकि आयुष कुमार ठाकुर और आलोक सिंह तीसरे स्थान पर रहे। प्रॉक्टर डॉ. अतुल नारायण सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. मृत्युंजय परमार, डॉ. सर्वेश सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। आयोजन समिति के आदेश, प्रभात, दिव्या, प्रिया, समीर और सोहिनी ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।